कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग,
नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, निर्माण भवन,
नया रायपुर (छत्तीसगढ़)

सहायक प्रोग्रामर के पद पर भर्ती परीक्षा – 2018 हेतु ऑनलाईन आवेदन के संबंध में

क्रमांक /स्था./प्र.अ./18 नया रायपुर, दिनांक 20/08/2018

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर के आदेश क्रमांक एफ 3–07/2016/19/स्था.–3 दिनांक 27.06.2017 द्वारा प्रदत्त सहमति के आधार पर विभाग में नियमित स्थापना के अंतर्गत सहायक प्रोग्रामर ''तृतीय श्रेणी'' (राजस्व संभाग सरगुजा/बस्तर को छोड़कर) के रिक्त पदों पर सीधी भरती हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के पात्र स्थानीय अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल नया रायपुर के वेबसाईट **cgvyapam.choice.gov.in** पर आमंत्रित किये जाते हैं :–

परीक्षा कार्यक्रम निम्नानुसार है –

1. परीक्षा की तिथि (संभावित तिथि) – 07 अक्टूबर 2018 (रविवार)
2. परीक्षा का समय – पूर्वान्ह 10.00 बजे से 1.15 बजे तक
3. ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि – 20.08.2018 (सोमवार)
4. ऑनलाइन आवेदन पत्र भरकर ऑनलाइन परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि – 11.09.2018(मंगलवार),रात्रि 11.59 बजे तक
5. व्यापम की वेबसाइट पर प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि – 01.10.2018 (सोमवार)
6. परीक्षा केन्द्र : – रायपुर

नियमित स्थापना के अंतर्गत सहायक प्रोग्रामर के तृतीय श्रेणी (राजस्व संभाग सरगुजा/बस्तर को छोड़कर) के जिलेवार रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है :–

क्र	जिले का नाम	रिक्त पदों की वर्गवार कुल संख्या (1)					कालम 1 में अंकित कुल रिक्त पदों में से वर्गवार मुक्त पदों की संख्या (2)					कालम 1 में अंकित कुल रिक्त पदों में से महिला हेतु आरक्षित पदों की संख्या (3)					कालम 1 में अंकित कुल रिक्त पदों में से भू.पू. सैनिक हेतु आरक्षित पदों की संख्या (4)					कालम 1 में अंकित कुल रिक्त पदों में से निःशक्तजन हेतु आरक्षित पदों की संख्या (5)				
		UR	ST	SC	OBC	कुल	UR	ST	SC	OBC	कुल	UR	ST	SC	OBC	कुल	UR	ST	SC	OBC	कुल	UR	ST	SC	OBC	कुल
1	रायपुर	2	1	1	-	4	2	1	1	-	4	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
	बिलासपुर	1	-	-	-	1	1	-	-	-	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
	योग	**3**	**1**	**1**	**-**	**5**	**3**	**1**	**1**	**-**	**5**	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-

यह नियुक्तियॉ माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर के रिट पिटीशन क्रमांक (सी) 591/2012, 592/2012, 593/2012 एवं 594/2012 में माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा पारित किए जाने वाले अंतिम आदेश/निर्णय के अध्ययीन होगी।

शैक्षणिक योग्यता –

किसी मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर साईंस या सूचना प्रौद्योगिकी में प्रथम श्रेणी में डिप्लोमा अथवा किसी मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर सेंटर से कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग में कम से कम 2 वर्ष के अनुभव के साथ समकक्ष डिप्लोमा।

अथवा

गणित, भौतिकी/सांख्यिकी में प्रथम श्रेणी में स्नातक उपाधि साथ ही 1 वर्षीय पी.जी.डी.सी.ए. एवं किसी मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर सेन्टर से 1 वर्ष का अनुभव।

परीक्षा निर्देश – व्यापम द्वारा जारी परीक्षा निर्देश व्यापम की वेबसाईट cgvyapam.choice.gov.in पर उपलब्ध है, जिसमें ऑनलाईन आवेदन का प्रारूप, आवेदन पत्र भरने की विधि, आवेदन पत्र में फोटो, हस्ताक्षर एवं बाएं हाथ के अंगूठे का निशान स्केन करने एवं पोस्ट करने की तिथि, ऑनलाईन पेमेंट की विधि, अभ्यर्थी को प्राप्त रजिस्ट्रेशन आई.डी. नंबर के आधार पर ऑनलाईन एडमिट कार्ड प्राप्त करने की विधि तथा अन्य जानकारी दी गई है।

प्रमुख अभियंता
लोक निर्माण विभाग
नया रायपुर (छत्तीसगढ़)
14/8/18